म0 प्र0 राज्य कृषि विपणन बोर्ड

26, अरेरा हिल्स, किसान-भवन, जेल रोड, भोपाल

क्रमांक/बोर्ड/स्वी/विविध/सी.सी.टी.व्ही./757/23 भोपाल, दिनांक 10/04/2017

प्रति,

सचिव **(समस्त)**
कृषि उपज मण्डी समिति,
.... जिला .... (म.प्र.)

विषय:- सी0सी0टी0व्ही0 कैमरे क्रय करने हेतु प्रस्ताव निर्धारित चेकलिस्ट में भेजने के संबंध में।

-0-

प्रदेश की विभिन्न कृषि उपज मण्डी समितियों से समय-समय पर सी0सी0टी0व्ही0 कैमरे क्रय करने की स्वीकृति हेतु प्रस्ताव मण्डी बोर्ड को प्राप्त होते है। प्रस्ताव में क्रय के लिये निर्धारित संपूर्ण प्रक्रिया का पालन नही किया जाता है। प्रस्ताव के साथ स्वीकृति हेतु आवश्यक दस्तावेज संलग्न नही होने से प्रस्ताव वापिस किये जाते है।

म0प्र0 भण्डार क्रय एवं उपार्जन नियम, 2015 में विभिन्न प्रकार की सामग्री क्रय करने हेतु प्रावधान एवं प्रक्रिया स्पष्ट की गई है। अत: निर्देशित किया जाता है कि मण्डी समितियों के कार्यालय/प्रांगणों की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुये सी0सी0टी0व्ही0 कैमरो के स्थापन एवं संचालन के संबंध में बोर्ड मुख्यालय के परिपत्र क्रमांक/बी-7/2/सी.सी.टी.व्ही./ कैमरे/2806 दिनांक 13.6.2017 एवं संशोधित परिपत्र क्रमांक-3079 दिनांक 23.1.2017 द्वारा जारी दिशा निर्देशों का बिन्दुवार पूर्णत: पालन करते हुये सी0सी0टी0व्ही0 कैमरे क्रय के संबंध में प्रस्ताव स्वीकृति हेतु गठित समिति की अनुशंसा के उपरांत निम्नानुसार निर्धारित चेकलिस्ट अनुसार आंचलिक कार्यालयों के स्पष्ट अभिमत/अनुशंसा सहित भिजवाना सुनिश्चित करे :-

01. सी0सी0टी0व्ही0 कैमरे क्रय के संबंध में उपरोक्त निर्देशों के अनुसार गठित समिति का कार्यवाही विवरण एवं अनुशंसा।
02. मण्डी समिति में पूर्व से कुल कितने सी.सी.टी.व्ही. कैमरे स्थापित किये गये है एवं वर्तमान में कितने सी.सी.टी.व्ही. कैमरे चालू/बंद हालत मे है। यदि कैमरे बंद हालत मे है तो मेन्टेनेन्स की क्या स्थिति है ?
03. मण्डी समिति मे कुल कितने प्रांगण/उपमण्डी प्रांगण है ? उनका कुल एरिया (एकड में) कितना है ? प्रांगणों में गेटों की संख्या ?
04. चालू वित्तीय वर्ष में उक्त मद में स्वीकृत बजट प्रावधान की प्रमाणित प्रति।

05. उक्त संबंध में मण्डी समिति द्वारा पारित प्रस्ताव/ठहराव की प्रति।

06. बोर्ड को भेजी जाने वाली समस्त वैधानिक निधियो को नियमित रूप से जमा किया जा रहा है अथवा जमा किया गया है संबंधी प्रमाण पत्र।

07. मण्डी मे कार्यरत/सेवानिवृत्त कर्मचारियों के वेतन भत्तो/पेंशन का नियमित रूप से भुगतान हो रहा है संबंधी प्रमाण पत्र।

08. कय का माध्यम।

09. कय की जाने वाली सामग्री की संख्या एवं वैद्य दर सूची अनुसार दर।

10. वैद्य दर सूची की छायाप्रति।

11. कय सामग्री की कुल अनुमानित राशि।

12. मण्डी की चालू निधि में अद्यतन स्थिति में उपलब्ध राशि।

13. मण्डी समिति में सी0सी0टी0व्ही0 कैमरे लगाने के संबंध में गठित समिति से प्रस्ताव प्राप्त होने पर सी0सी0टी0व्ही0 कैमरे कय किया जाना उपयुक्त है के संबंध में अपर/संयुक्त/उप संचालक आंचलिक कार्यालय का सहमती प्रमाण-पत्र।

प्रबंध संचालक
म0प्र0राज्य कृषि विपणन बोर्ड
भोपाल

कमांक/बोर्ड/स्वी/विविध/सी.सी.टी.व्ही./757/24 भोपाल, दिनांक 10/04/2017

प्रतिलिपिः-

(1) अपर/संयुक्त/उप संचालक, म0प्र0राज्य कृषि विपणन बोर्ड, आंचलिक कार्यालय, ... की ओर भेजकर निर्देशित किया जाता है कि सी0सी0टी0व्ही0 कैमरे कय के संबंध में मण्डी समितियों से उपरोक्त जानकारी सहित पूर्ण प्रस्ताव प्राप्त होने पर भण्डार कय नियमों के तहत परीक्षण कर अपने स्पष्ट अभिमत/अनुशंसा सहित प्रस्ताव इस कार्यालय को भिजवाना सुनिश्चित करे।

प्रबंध संचालक
म0प्र0राज्य कृषि विपणन बोर्ड
भोपाल